भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 295

गुरुवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) **को दिया जाने वाला उत्तर**

हलवारा विमानपत्तन से उड़ानों का संचालन

***295. डॉ. अमर सिंहः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंजाब के हलवारा विमानपत्तन के टर्मिनल भवन के उद्घाटन के बावजूद इस विमानपत्तन से नियमित व्यावसायिक उड़ानों का संचालन शुरू नहीं हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या हलवारा विमानपत्तन से दिल्ली, मुंबई, श्री हजूर साहिब, श्री पटना साहिब और वाराणसी सहित प्रमुख गंतव्यों के लिए नियमित उड़ानें शुरू करने के कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं या उन पर विचार किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार उड़ानों के संचालन की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए उक्त विमानपत्तन को 'उड़ान' योजना सहित किसी क्षेत्रीय कनेक्टिविटी या रूट सपोर्ट योजना के अंतर्गत शामिल करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और हलवारा विमानपत्तन से नियमित व्यावसायिक उड़ान सेवाएं कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"हलवारा विमानपत्तन से उड़ानों का संचालन" के संबंध में डॉ. अमर सिंह द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2026 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 295 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): भारतीय वायु सेना के स्वामित्व वाले हलवारा हवाईअड्डे को पंजाब राज्य सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच एक संयुक्त उद्यम के माध्यम से विकसित किया गया है। हवाईअड्डे पर विकास कार्य पूर्ण हो चुका है।

वर्तमान में, हलवारा हवाईअड्डे पर कोई अनुसूचित उड़ान परिचालन नहीं हैं। तथापि, मेसर्स एअर इंडिया ने ग्रीष्मकालीन अनुसूची 2026 में हलवारा हवाईअड्डे के लिए/हलवारा हवाईअड्डे से प्रति सप्ताह 14 उड़ानें परिचालित करने का प्रस्ताव रखा है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन को विनियमनमुक्त कर दिया गया था। एयरलाइनें किसी भी विमान टाइप के साथ क्षमता शामिल करने और सेवा प्रदान करने हेतु स्वेच्छा से बाजारों और नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए, यह एयरलाइन प्रचालकों पर निर्भर करता है कि वे अपनी परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर किसी भी हवाईअड्डे के लिए/हवाईअड्डे से हवाई सेवाएं शुरू करें।

यदि कोई एयरलाइन भविष्य में बोली प्रक्रिया के चरणों में हलवारा हवाईअड्डे को जोड़ने वाले मार्गों के लिए वैध बोली प्रस्तुत करती है, तो 'उड़ान' योजना के प्रावधानों के अनुसार उस पर विचार किया जा सकता है।

*****